 Roll No. ....

BAHL-301

हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं काव्यशास्त्र

Bachelor of Arts (B.A.-12/16/17)

Third Year Examination, 2019 (June)

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ क्या थीं? उनका विवेचन कीजिए।

2. भक्तिकाल की विविध शाखाओं का परिचय दीजिए तथा भक्तिकाल की सामान्य विशेषताएँ बताइए।

3. छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

4. भारतीय काव्यशास्त्र में बताए गए काव्य लक्षणों पर टिप्पणी कीजिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. प्रगतिवाद की विशेषताएँ लिखिए।

2. अलंकार के विभिन्न आचार्यों का परिचय दीजिए।

3. नाथ साहित्य का परिचय दीजिए।

4. रीतिकाल की विभिन्न काव्यधाराओं का उल्लेख कीजिए।

5. संतकाव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों को बताइए।

6. काव्य प्रयोजन से आप क्या समझते हैं?

7. छायावादी काव्यधारा का संक्षेप में परिचय दीजिए।

8. भक्तिकालीन कवियों के योगदान पर प्रकाश डालिए।

खण्ड-ग
(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) तथ्यनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×1=10)

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल को क्या नाम दिया है?

(अ) आदिकाल। (ब) बीजवपनकाल।

(स) चारणकाल। (द) सिद्ध-सामंत काल।

2. 'कीर्तिपताका' किसकी रचना है?

(अ) नरपतिनाल्ह। (ब) दलपति विजय।

(स) विद्यापति। (द) दामोदर पंडित।

3. रीतिसिद्ध काव्यधारा का कवि कौन नहीं है?

(अ) बिहारी। (ब) मतिराम।

(स) घनानंद। (द) वृंद।

4. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना भक्तिकाल की नहीं है?

(अ) रामचरितमानस। (ब) बिहारी सतसई।

(स) पद्मावत। (द) सूरसागर।

5. छायावाद का कवि कौन नहीं है?

(अ) मैथिलीशरण गुप्त। (ब) जयशंकर प्रसाद।

(स) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला। (द) महादेवी वर्मा।

6. वक्रोक्ति संप्रदाय के प्रवर्तक हैं :

(अ) भामह। (ब) क्षेमेन्द्र।

(स) कुंतक। (द) वामन।

7. 'काव्यप्रकाश' किस आचार्य की रचना है :

(अ) मम्मट। (ब) विश्वनाथ।

(स) आनन्दवर्धन। (द) जगन्नाथ।

8. प्रयोगवाद का प्रवर्तन किसने किया ?

(अ) अज्ञेय। (ब) जयशंकर प्रसाद।

(स) नलिन विलोचल शर्मा। (द) जगदीश गुप्त।

9. निम्नलिखित में से अष्टछाप का संस्थापक कौन है?

(अ) बल्लभाचार्य। (ब) विट्ठलनाथ।

(स) गोकुलनाथ। (द) सूरदास।

10. प्रेमचंद का उपन्यास नहीं है

(अ) निर्मला। (ब) गोदान।

(स) रंगभूमि। (द) नदी के द्वीप।